हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 17.1 डिग्री

11 पीर बाबा फुटबाल टूर्नामेंट में उचाना रहा विजयी



12 इंडस आरपीएस पब्लिक विद्यालय में हवन पूजन के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



## खबर संक्षेप

### 30 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर जान दी

**हिसार।** आजाद नगर की फ्रेंड्स कॉलोनी में 30 वर्षीय युवक सोनू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। बताया जाता है कि मानसिक परेशानी के चलते मोनू ने सुसाइड किया है। सोनू अपनी मां के साथ फ्रेंड्स कॉलोनी में रहता था। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सोमवार को परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। दोपहर के समय सोनू की भाजी घर में आई तो देखा सोनू ने कमरे की चौखट पर फंदा लगाकर सुसाइड किया हुआ था।

### चोरी का सामान बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस ने चोरी का समान बेचने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जींद जिले के गांव ईक्कस व हाल सुभाष नगर हांसी निवासी राजेन्द्र के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के बेटे अनिकेत ने कुछ दिन पहले कृष्णा कालोनी निवासी प्रियंका के घर में घुसकर घरेलू सामान चोरी कर लिया था।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित तीन गिरफ्तार

**हांसी।** थाना नारनौंद पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नारनौंद की पंजाबी कालोनी निवासी गुलाब व अमित व वार्ड नंबर एक निवासी अमित के रुप में हुई है। आरोपियों ने एक मोटरसाईकिल मोठ रांगडान व दूसरी मोटरसाइकिल को चोरी की वारदात में प्रयोग किया था।

### एसी, एलईडी व नकदी चोरी करने वाला काबू

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने गांव बुरे स्थित मकान से एसी, एलईडी टीवी और नकदी चोरी के मामले में चौथे आरोपी भाणा निवासी विष्णु को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा एसी बरामद की है। आरोपी विष्णु ने अपने तीन साथियों मुनीश उर्फ धोलिया, रमन और पंकज के साथ मिलकर एसी, एलईडी और नकदी चुराई थी। उक्त तीनों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन

# 85 वर्ष से अधिक के वरिष्ठजनों और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान का मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रदीप दहिया के नेतृत्व में चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों द्वारा जिले में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों पर पीने के पानी, शौचालय, रैंप, बिजली आदि की व्यवस्था को लेकर लगातार दौरे किए जा रहे हैं।

इस दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए डीसी दहिया द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए जा रहे हैं। सोमवार को डीसी दहिया ने नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों को जायजा लिया और तैयारियों को लेकर चर्चा की।

### फ्लाइंग स्क्वायड व सर्विलेंस टीम एक्टिव

निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया गया है। मतदाता के सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा। प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। कहीं पर भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिली तो तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके लिए फ्लाइंग स्क्वायड व सर्विलेंस टीम को भी एक्टिव कर दिया गया है।

### पुलिस के साथ सीआरपीएफ की टुकड़ी होगी तैनात



*जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना को लेकर भी प्रशासन की ओर से सख्त कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीमों द्वारा चुनावी खर्च पर भी कड़ी निगरानी रहेगी। इसके अलावा बैंकों से होने वाले लेन-देन पर भी नजर रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि शांतिपूर्वक एवं निष्पक्षता से संपन्न करवाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल के साथ-साथ सीआरपीएफ की टुकड़ी भी तैनात की जाएगी।*

### जिला प्रशासन ने जारी किया टोल फ्री नम्बर

*लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर चुनाव से संबंधित शिकायत कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*

## मतदान बूथों का दौरा करके फीडबैक लेने के निर्देश

- एसपी मोहित हांडा ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण
- पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




हिसार। परेड के दौरान निर्देश देते पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने पुलिस थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान बूथों का दौरा करके फीडबैक लें। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को पता होना चाहिए कि उनके क्षेत्र में कितने मतदान बूथ है और वे किस क्षेत्र में है। सभी चुनाव और अपने क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी रखें।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा सोमवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करने उपरांत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने परेड का बारीकी से निरीक्षण करने उपरांत शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड करवाई। साथ ही एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाई। परेड के बाद उन्होंने थाना और चौकी प्रभारियों से कहा कि लोकसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है। इसके संबध में सुरक्षा की दृष्टि से कल मतदान केंद्रों और मतदान बूथों का निरीक्षण किया गया था, जिसमें कुछ कमियां पाई गई, उन्हें दुरुस्त करें। लगातार अपने अपने क्षेत्र में स्थित मतदान बूथों पर विजिट करते रहें, चुनाव के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी, दबंगई, शांति व्यवस्था को भंग करने, लड़ाई-झगड़ा, दंगा-फसाद करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। सभी अपने अपने क्षेत्र में जिन-जिन लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को पुलिस थाने या गन हाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। हथियार जमा न करने वालों को नोटिस दें ताकि उनके लाइसेंस को रद करवाने की प्रकिया शुरू कर लाइसेंस रद करवाया जा सके। असामाजिक व्यक्तियों और हिस्ट्रीशीटरों को पाबंद करके उनकी गतिविधियों पर नजर रखें, यदि कोई भी किसी प्रकार से चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करे तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। पीओ व बेल जंपर की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान के तहत उन्हें गिरफ्तार करे।



नारनौंद। मतदान केंद्रों का निरीक्षक करते हुए जिला उपायुक्त प्रदीप दहिया व अन्य।

## डीसी ने नारनौंद हलके के मतदान केंद्रों का दौरा कर लिया जायजा

**नारनौंद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया व पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने सोमवार को नारनौंद हलके के मतदान केंद्रों का दौरा कर प्रबंधों का जायजा लिया। एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रवीण कुमार व अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने इस दौरान मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शेड, रैंप, शौचालय इत्यादि सुविधाओं के साथ-साथ साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने दौरे की शुरुआत बास व खांडाखेड़ी गांव के सरकारी विद्यालयों में स्थापित मतदान केंद्र का निरीक्षण कर किया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मतदान केंद्रों पर एसडीएम ने किया दौरा

- गांव कंवारी, पुट्ठी मंगल खां, सुल्तानपुर, उमरा में स्थापित मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा ने सोमवार को हल्के के कई गांव के मतदान केंद्रों पर दौरा कर वहां किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान तहसीलदार अनिल कुमार, डीएसपी रविंद्र सांगवान तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण द्वारा करने के उपरांत कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाताओं की सुविधा के लिए तमाम मूलभूत सुविधाएं जुटाई जा रही है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर बिजली, पानी, शौचालय, शेड इत्यादि सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी मतदान केंद्रों पर साफ सफाई की व्यवस्था को भी दुरुस्त दुरुस्त रखें। दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर व्हील चेयर उपलब्ध रहेंगी, जिन मतदाताओं की दिव्यांगता 40 फीसद से अधिक है ऐसे मतदाता घर से भी मतदान कर सकेंगे। इसके लिए भी प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई है।



हांसी। मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते एसडीएम मोहित महराणा

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बैठक की

एसडीएम कम सहायक रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा ने कंवारी, उमरा, सुल्तानपुर, पुट्ठी मंगल खां गांवो में मतदान केंद्रों का निरीक्षण दौरा करने के साथ-साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीण तथा विद्यालयों के मुखियाओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सकारात्मक प्रयास किया जा रहे हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत अनेक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन होगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

### विभिन्न चुनावी टीमों के साथ बैठक आज

*लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर गठित टीमों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन 2 अप्रैल को स्थानीय लघु सचिवालय में किया जाएगा। सुबह 11 शुरू होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कम सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी मोहित महराणा करेंगे।*

## सामने राहुल आए तो भी उन्हें खतरा नहीं : रणजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- प्रदेश में भाजपा लोकसभा की सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज करेगी

हिसार लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्याशी चाहे पहले घोषित हो जाता या फिर बाद में उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रदेश में भाजपा लोकसभा की सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। चौटाला ने दावा किया कि उनके सामने कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर राहुल गांधी भी आा जाए तो वे भी उन्हें खतरा नहीं। मतदान के अभी दो महीने पड़े हैं। मुझे लगता है एकतरफा मुकाबला है। भाजपा प्रत्याशी चौटाला सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस की आज ऐसी हालत हो गई है कि कांग्रेस की कोई भी टिकट लेने के लिए तैयार नहीं है। जिस तरह से पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा का बयान आया कि वह अपने बेटे को चुनाव लड़ा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि शैलजा और रणदीप को चुनाव लड़ना चाहिए। इससे ये लगता है वो एक दूसरे के मजे ले रहे है। भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी के सवाल पर रणजीत चौटाला ने कहा कि कोई नाराजगी नहीं है। हिसार में उनके चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर आयोजित रैली में आदमपुर से पार्टी विधायक भव्य बिश्नोई आए थे। कुलदीप बिश्नोई कहीं बाहर गए हुए थे। कुलदीप बिश्नोई से मेरी और मुख्यमंत्री की बात हुई है कोई नाराजगी नहीं है।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

## पंचायत का प्रस्ताव आया तो नारनौंद में कोर्ट बनाने पर विचार किया जाएगा : जस्टिस सूर्यकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

नारनौंद क्षेत्र के लोगों की पिछले काफी समय उपमंडल में कोर्ट बनाने की मांग चली आ रही है। खास बातचीत में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने बताया कि हर उपमंडल पर कोर्ट बनाने की पॉलिसी है। ग्राम पंचायत पेटवाड़ के सरपंच सतबीर पेटवाड़ की तरफ से प्रस्ताव मिला है। अन्य पंचायतों की तरफ से भी प्रस्ताव आता है तो हाईकोर्ट को भेज दिया जाएगा। क्षेत्र के लंबित केसों को भी देखा जाएगा अगर यहां ज्यादा लंबित मामले हैं तो उसे बेस पर राज्य सरकार और हाईकोर्ट मिलकर फैसला लेगी। जस्टिस सूर्यकांत ने बताया कि जो युवा जुडिशल की तैयारी करते हैं। वह पूरी लगन के साथ अपनी तैयारी करें। हाईकोर्ट की सुपरविजन में परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जोकि पूरी तरह से पारदर्शी व ईमानदारी से होती है जो योग्य उम्मीदवार होते हैं वहीं पास होते हैं। इसलिए युवा तैयारी के साथ यह परीक्षा दें। जो योग्य होगा उसके चयन को कोई नहीं रोक सकता।

नशे के सवाल पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि नशा देश के लिए खतरनाक है। हमें युवाओं को संभाल कर रखना है। सरकार, प्रशासन, संगठन और सामाजिक लोग पहल करें नशे से दूर ले जाने में जो युवा नशे की चपेट में है उनको नशे से दूर रखने में अपना योगदान दे। युवाओं का ध्यान शिक्षा और खेलों के प्रति केंद्रीत करें। परिवार के बुजुर्गों का विश्वास था कि गांव की बच्चों को शिक्षा में आगे लेकर जाना है। इसी उद्देश्य से शिक्षा की क्षेत्र में प्रतिभावान छात्रों की मदद के लिए करिए कार्य रहता हूं। एक गीत है देशों में देश भारत, भारत में हरियाणा और हरियाणा में पेटवाड़ के छात्र जिस दिन शिक्षा में बुलंदियों को छुएंगे, वह ऐतिहासिक क्षण होंगे। इसके लिए सरकारी स्कूल के अध्यापकों पर बड़ी जिम्मेवारी है। वह पूरी लगन के साथ छात्रों को तरासने का काम करें।




नारनौंद। गांव के सरपंच सतबीर पेटवाड़ जस्टिस सूर्यकांत को शॉल उढाकर सम्मानित करते हुए।

### कापड़ो के नौरंगमल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

## ग्रामीण अंचल के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं : मेजर सत्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

- बोर्ड की परीक्षाओं में ग्रामीण स्कूल के छात्र रहते हैं अव्वल

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने गांव कापड़ो के नौरंगमल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया व छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आंचल के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं होती। वह अपनी प्रतिभा के कारण अनेक उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खेलों में भी ग्रामीण आंचल के पहलवानों ने विदेशों में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। ग्रामीण अंचल के स्कूल छात्रों की पढ़ाई के लिए काफी मेहनत करते हैं। उनकी मेहनत से ही वह बेहतर परिणाम लाने में सार्थक होते हैं। बोर्ड की परीक्षाओं में ग्रामीण स्कूल के छात्र अव्वल रहते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बॉक्सिंग कोच रणबीर, प्रिंसिपल प्रशन्नी देवी, प्रो सुखबीर सिंधु, दीपा रानी, रत्न सिंह रिटायर्ड हेडमास्टर, डायरेक्टर दलबीर गोयत, सुमन, सविता, शमशेर खेड़ी, हवा सिंह पहलवान, शमशेर मेंबर, सुरेंद्र कापडो, मोहित गोयत, डॉ. रोहित गोयत, कपिल गुराना आदि मौजूद रहे।



नारनौंद। प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सतपाल।

### महिला सहित दो नशा तस्कर काबू 3.50 ग्राम हेरोइन बरामद

**हिसार।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हिसार यूनिट ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए महिला सहित दो तस्कारों को काबू किया है। पुलिस ने इनसे 3.50 ग्राम हेरोइन बरामद करके इनका मोटरसाइकिल जब्त किया है। ब्यूरो के डीएसपी दिलीप कुमार एवं हिसार यूनिट प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक सत्यपास सिंह के नेतृत्व में एक टीम नशीले पदार्थ की रोकथाम के लिए हिसार के अनाज मंडी गेट की तरफ सुंदर नगर के पास मौजूद थी। इसी दौरान यहां की अंबेडकर बस्ती में रह रहे रोहतक निवासी सोनू उर्फ ओडा व उसकी पत्नी रेखा के बारे में नशा तस्करी का पता चला। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली तो दोनों से 3.50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस को पता चला कि ये मोटरसाइकिल पर तस्करी करते थे। पुलिस ने हेरोइन बरामद करके उनका मोटरसाइकिल जब्त कर दिया। दोनों पर शहर थाना में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।



हांसी। गांजा के साथ पकड़ी गई आरोपी शीला पुलिस गिरफ्त में

### 310 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने 310 ग्राम गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भाटोल रांगडान निवासी शीला के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएनसी स्टाफ टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सूचना मिली थी की एक महिला हांसी ऑटो मार्केट में नशीला पदार्थ बेच रही है। एएनसी स्टाफ टीम ने तुरंत ऑटो मार्केट पहुंचकर मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट आबकारी एवं कराधान विभाग हिसार ईटीओ श्वेता के सामने तलाशी ली गई तो आरोपिया के कब्जे से 310 ग्राम गांजा बरामद हुआ। एएनसी टीम द्वारा आरोपिया शीला के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी से रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ की जाएगी और यह गांजा कहां से लेकर आई थी और इसे कहां सप्लाई करना था के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाएगा।

कुछ लोग अपने रिश्ते को बहुत ज्यादा तरजीह देते हैं। रिश्ते जरा से कमजोर हुए नहीं कि ऐसे लोग बहुत विचलित हो जाते हैं। कभी-कभी तो इनके मन में रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना गहरे तक बैठ जाती है। ये अपनों के प्रति हमेशा सशंकित रहते हैं कि हम इन्हें खो ना दें। लोगों के मन में इस तरह रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना क्यों आती है? अपने रिश्ते कैसे हमेशा सहेजे रखें? बहुत जरूरी सलाह।

# रिश्तों में क्यों आती है असुरक्षा की भावना



कवर स्टोरी
विचित्रा दर्गन आनंद
रिलेशनशिप एक्सपर्ट

यह अजीब-सा विरोधाभास है कि व्यक्ति जिससे सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करता है, उसके मन में उसी के लिए सबसे ज्यादा संशय और सवाल भी उठते हैं। यहां असली समस्या रिश्तों की नहीं, मन की उलझनों से जुड़ी होती है, जिन्हें सही वक्त पर सुलझाना बहुत जरूरी है, अन्यथा इनकी वजह से स्ट्रेस और एंग्जायटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कोई व्यक्ति अपने रिश्तों में स्वयं को क्यों असुरक्षित महसूस करता है, ऐसी जटिल मनोदशा से बाहर निकलने के लिए क्या करना चाहिए, हम सभी को इसे जरूर जानना-समझना चाहिए। इस समस्या से कोई भी हमारा अपना या हम स्वयं भी घिर सकते हैं। देखा जाता है, महिलाएं इस तरह की समस्या से ज्यादा घिरती हैं, क्योंकि वे अधिक भावुक होती हैं, समाज में भी पुरुषों की तुलना में उनके अनुकूल परिस्थितियां कम होती हैं।







### दांपत्य जीवन की उलझनें

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि बाहरी रंग-रूप और शैक्षणिक योग्यता आदि को लेकर अगर कोई व्यक्ति अपने जीवनसाथी की तुलना में खुद को कमतर महसूस करता है तो उसके मन में हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि कहीं मेरा पार्टनर मुझे नापसंद तो नहीं करता? ऐसे में पति या पत्नी दोनों में से किसी एक के मन में यह डर बना रहता है कि कहीं मेरा जीवनसाथी मुझे छोड़ तो नहीं देगा?

**क्या करें :** आप दोनों में से जिसके मन में रिजेक्शन का भय हो, उसे अपने साथी से खुलकर बात करनी चाहिए। दोनों की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने पार्टनर के मन में छिपे डर को दूर करने की कोशिश करें, उसकी कमजोरियों को नजरअंदाज करते हुए अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और अपनी पॉजिटिव बातों से अपने जीवनसाथी का मनोबल बढ़ाएं।



### पैरेंटिंग से जुड़ी असुरक्षा

अधिकतर पैरेंट्स अपने टीनएजर बच्चों के व्यक्तित्व और व्यवहार के प्रति सशंकित रहते हैं। उन्हें हमेशा इस बात की चिंता सताती है कि पीयर प्रेशर के कारण कहीं हमारे बच्चे गलत आदतों के शिकार ना हो जाएं, फिर कुछ समय के बाद बच्चे जब करियर में सैटल हो जाते हैं, तो पैरेंट्स को यह चिंता सताती है कि हमारे बच्चे अगर जॉब की वजह से दूसरे शहरों में चले जाएंगे, तो बुढ़ापे में हमारी देखभाल कौन करेगा? युवा हो रही संतान के पैरेंट्स के मन में स्वाभाविक रूप से ऐसी बातें आती हैं।

**क्या करें :** ऐसी समस्या से बचने के लिए आप छोटी उम्र से ही अपने बच्चों के साथ नियमित रूप से बातचीत की आदत विकसित करें, उनके लिए अनुशासन के स्पष्ट नियम बनाएं, उनके साथ आपसी विश्वास और प्यार का रिश्ता कायम करें, ताकि वे आपसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बातचीत कर सकें। आपके बच्चे आपको इनसिक्योर नहीं फील होने देंगे।

### प्रोफेशनल संबंधों से जुड़ी परेशानियां

कॉन्फिडेंस की कमी के कारण प्रोफेशनल जीवन में कई बार लोगों को रिजेक्शन की प्रॉब्लम झेलनी पड़ती है। इससे उनके मन में हीन भावना पनपने लगती है और ऑफिस में वे दूसरों की तुलना में स्वयं को इनसिक्योर महसूस करते हैं।

**क्या करें :** ऐसी स्थिति में अपनी कमजोरियों के बारे में सोचकर चिंतित होने के बजाय सचेत तरीके से उन्हें दूर करने की कोशिश करें और सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से निकटता बढ़ाएं।

### दोस्ती में बढ़ती दूरियां

कुछ लोग अपने दोस्तों पर भावनात्मक रूप से बहुत ज्यादा निर्भर होते हैं, वे अपने हर निर्णय उनसे पूछ कर लेते हैं, ऐसे में जब दोस्त उनके साथ नहीं होता तो उन्हें बहुत घबराहट होती है। कई बार दोस्त की नाराजगी के डर से वे उसकी हर बात मान लेते हैं और उससे भी ऐसी ही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जब कभी व्यस्तता की वजह से दोस्त उनके लिए समय नहीं निकाल पाते तो ऐसे लोग यह सोचकर चिंतित हो जाते हैं कि अब हमारी दोस्ती खतरे में पड़ गई है।

**क्या करें :** दोस्तों के प्रति ज्यादा पजेसिव होने की आदत से बचें, उन्हें थोड़ा पर्सनल स्पेस दें, खुद भी नए लोगों की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाएं, खुश रहें और खुशियां बांटें।

प्रस्तुति : विनीता

---



शहद या हनी ऐसा नेचुरल प्रोडक्ट है, जो स्किन केयर में बहुत यूजफुल होता है। हर तरह की स्किन के लिए परफेक्ट हनी को अगर सही तरीके से अप्लाई किया जाए तो कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को दूर किया जा सकता है। साथ ही इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनती है। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।

# ग्लोइंग स्किन के लिए रेग्युलर यूज करें हनी



स्किन केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

शहद हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद होता है। आपका स्किन टाइप कैसा भी हो, शहद की मालिश से उसमें सॉफ्टनेस आती है और इसकी ड्रायनेस कम होती है। शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। इससे स्किन हाइड्रेट होती है और अट्रैक्टिव दिखती है।

### होते हैं कई उपयोगी गुण

शहद का इस्तेमाल ऑयली ही नहीं नॉर्मल स्किन पर भी किया जा सकता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए शहद काफी फायदेमंद होता है। शहद में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम, अमीनो एसिड, कई एंजाइम्स, विटामिन बी, सी और मिनरल्स पाए जाते हैं। शहद एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी है। इसे स्किन पर सही तरीके से रेग्युलर अप्लाई करने से एजिंग साइन की समस्या भी नहीं होती है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन सॉफ्ट रहे तो शहद का उपयोग कर सकती हैं। यह स्किन को न्यूट्रिशन देता है। स्किन पर शहद लगाने से उसमें निखार आता है।



### ऐसे करें अप्लाई

- स्किन पर निखार लाने के लिए दो चम्मच शहद में चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर बने फेस पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे रंगत में निखार आएगा। इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं।
- कांच के बाउल में समान मात्रा में शहद और नीबू रस मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर इस तरह मिश्रण बनाएं कि स्मूथ पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे स्किन सॉफ्ट बनती है।
- अगर आप चेहरे पर दाग-धब्बों से परेशान हैं तो शहद काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल, हल्दी पावडर और शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर इसे प्राकृतिक रूप में सूखने दें और बाद में ताजे, सामान्य पानी से धो डालें।
- एक चुटकी घर में पीसी हुई हल्दी, एक चम्मच शहद और उसमें दो चम्मच कच्चे दूध को मिलाकर चेहरे पर लगा लीजिए और 10 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। आप दूध में केसर भी मिला सकती हैं। ध्यान रखें कि हल्दी घर की पीसी ही हो। इसके नियमित सेवन से फेस पर ग्लो आएगा और स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।
- फेस के साथ बॉडी के अन्य स्किन पर ग्लो लाने के लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे, गर्दन के साथ शरीर के खुले भागों पर लगाएं और अपनी अंगुलियों से सर्कुलर मोशन में मालिश करें। आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।
- अगर आपकी स्किन ड्राय है तो एक चम्मच ताजे दही में आधा चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बने मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर 10-15 मिनट तक मालिश करें। इसे थोड़ी देर बाद पानी से धो डालें। आप इसे दो-तीन दिनों तक नियमित रूप से लगा सकती हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत में निखार लाने के साथ ही उसको बहुत कोमल भी बनाएगा।
- शहद से बना मास्क, स्किन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। इसके लिए चोकर में शहद और गुलाब जल डालकर मास्क बना लें। इस मास्क को अपने फेस पर अच्छे से लगाकर सूखने तक लगा रहने दें और बाद में ताजे साफ पानी से धो डालें।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

---

एडवाइस / शिखर चंद जैन

# ऐसे रहेंगी आप हमेशा पॉजिटिव

अकसर मोटिवेशनल स्पीकर, साइकोलॉजिस्ट और बिहेवियर एक्सपर्ट हमें पॉजिटिव रहने के लिए और मन को प्रफुल्लित रखने की सलाह देते हैं। इसके लिए हम क्या करें? आइए, जानते हैं कुछ आसान से उपाय।

**सुबह की शुरुआत हो एनर्जी के साथ:** जब आप सुबह उठती हैं, जिस सोच के साथ अपनी दिनचर्या शुरू करती हैं, यही सोच आपके पूरे दिन को अच्छा या बुरा बनने में बड़ी भूमिका निभाती है। सुबह हमेशा एक एनर्जी के साथ और शांत मन से जागें। अपने इष्ट देवों का स्मरण करें। प्रार्थना करें। प्राणायाम करें। आज क्या करेंगी, यह तय करें। देर तक बिस्तर पर न रहें। सुबह जल्दी उठ कर अपने तन-मन को जागृत और सक्रिय करें।

**लोगों के कमेंट्स को करें नजरअंदाज:** लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे। अमुक व्यक्ति ने मेरे बारे में ऐसा क्यों कहा? जरा सोचिए, इन बातों से आपको क्या फर्क पड़ने वाला है? कुछ भी नहीं। इन कमेंट्स पर अगर आप ध्यान देंगी तो आपका ध्यान अपने मूल लक्ष्य से भटक जाएगा। आप लोगों से कदम-कदम पर उलझेंगी। इससे आपके भीतर नेगेटिविटी भरेगी। मन उदास रहेगा और आपकी प्रोडक्टिविटी प्रभावित होगी। बेहतर होगा कि लोगों के कमेंट्स को हवा में उड़ाना सीखें और अपने काम पर ध्यान दें।



**अपनी सोच का दायरा बढ़ाएं:** आप अपनी सोच को जितना व्यापक करेंगी, नई तकनीक और नई बातों के प्रति जानकारी हासिल करने की प्रवृत्ति रखेंगी, उतना ही आप बेकार और नेगेटिव बातों से दूर रहेंगी, क्योंकि तब आपको फिजूल के लोगों और उनकी बेकार की बातों पर ध्यान देने के लिए वक्त ही नहीं मिलेगा। जब आपकी सोच और ज्ञान का दायरा बढ़ेगा तो आप किसी बात को कई आयामों से सोचने लगेंगी। नतीजतन नेगेटिविटी आपके दिमाग पर हावी नहीं हो सकेगी।

### खुद पर दें ध्यान

**अकसर हम** दूसरों को नियंत्रित करने में या उन चीजों को बदलने में अपनी एनर्जी नष्ट करते हैं, जो हमारे बस में नहीं हैं, इससे हमारा मूड खराब होता है। इसी प्रकार हम दूसरों को उनकी मुसीबत के समय उन्हें तरह-तरह की सलाह और उपदेश देते हैं, लेकिन जब अपने पर बीतती है तो घबरा जाते हैं। उदासी में डूबकर हार मानकर बैठते हैं। कहा भी गया है 'परोपदेशो पांडित्यम'। अच्छा होगा कि हम अपने आस-पास के लोगों की परिस्थितियों पर सवाल उठाने के बजाय उनसे सबक लें। दूसरों को सुधारने में वक्त बर्बाद न करें बल्कि खुद को उन्नत करने के लिए तत्पर रहें।

---

इंटीरियर / मधु सिंह

मास्टर बेडरूम या घर का मेन बेडरूम अगर वास्तु के अनुसार व्यवस्थित होगा तो इसका असर उसमें सोने वाले के स्वास्थ्य और घर की समृद्धि पर पड़ता है। कैसा हो आपके बेडरूम का इंटीरियर, यूजफुल सजेशंस।

# ऐसा हो आपका मास्टर बेडरूम

मास्टर बेडरूम का मतलब है परिवार के सबसे बड़े सदस्य या मुखिया का बेडरूम। किसी भी परिवार में घर के अर्निंग मेंबर के रहने और सोने का कमरा खास मायने रखता है। उसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य घर में सुख और समृद्धि लाता है। वास्तु के अनुसार घर के मास्टर बेडरूम का इंटीरियर कैसा होना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

**दिशाएं:** वास्तुशास्त्र के अनुसार मास्टर बेडरूम ऐसी दिशा में होना चाहिए, जहां पर सूर्य की किरणों का सबसे ज्यादा असर रहता है ताकि वहां रहने वाले व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए अनुकूल माहौल मिल सके। इस बेडरूम को दक्षिण पश्चिम दिशा में इस तरह बनाया जाना चाहिए कि सोते समय उसका सिर दक्षिण दिशा में और पैर उत्तर दिशा में हों, क्योंकि वैज्ञानिक रूप से उत्तर दिशा चुंबकत्व की दिशा है, ताकि यह चुंबकत्व व्यक्ति के शरीर से लगातार संबंध को साधे रहे। मास्टर बेडरूम के पलंग के सिरहाने की ओर ठोस दीवार होनी चाहिए। सिर के पीछे कोई भी खिड़की या दरवाजा नहीं होना चाहिए।

**प्रकाश व्यवस्था:** मास्टर बेडरूम हो या घर के किसी दूसरे सदस्य का बेडरूम, इस कमरे में हल्का प्रकाश रहना चाहिए। घर के दूसरे कमरों की तुलना में यहां कम रोशनी हो। नाइट लैंप की रोशनी के लिए हल्के नीले, दूधिया, हरे रंग का बल्ब इस्तेमाल करें। कभी भी मास्टर बेडरूम में लाल रंग का बल्ब न लगाएं, क्योंकि वास्तुशास्त्र में माना जाता है कि लाल रंग शरीर में अग्नि तत्व की वृद्धि करता है।





**फर्नीचर:** मास्टर बेडरूम में वास्तु के अनुकूल ही फर्नीचर का चयन करना चाहिए। कमरे में भारी भरकम फर्नीचर नहीं होना चाहिए। बेड और साइड टेबल लकड़ी के होने चाहिए। रॉट आयरन या किसी दूसरी धातु के पलंग दिखने में भले अच्छे लगते हों, लेकिन इनके सिरहाने का डिजाइन ऐसा होता है कि इसका आधार ठोस नहीं होता, जिसके कारण पलंग पर बैठने के दौरान पीठ को कोई आधार नहीं मिलता। इसलिए पलंग लकड़ी का होना चाहिए। बेडरूम में रखे दूसरे फर्नीचर के कोने शार्प नहीं होने चाहिए ताकि कमरे में इनके आस-पास से चलते-फिरते समय किसी को चोट न लग जाए।

**रंगों का चयन:** मास्टर बेडरूम चूंकि परिवार के मुखिया के लिए होता है, जो परिवार की सुख, समृद्धि और पूरे परिवार का आधार होता है। उसके मानसिक शांति और दिली सुकून का होना जरूरी है ताकि घर में अच्छा माहौल रहे। इस बेडरूम में गहरे लाल, गहरे हरे या काले रंगों का इस्तेमाल किसी भी चीज में नहीं करना चाहिए। कमरे में हल्के, आकर्षक रंगों का चयन करें। छत सफेद रंग की होनी चाहिए। गहरे रंग भड़कीले लगते हैं। बेडरूम की सौम्यता के लिए हल्के रंग नींद में बाधा उत्पन्न नहीं करते।

**कम हो सामान:** बेडरूम में काम-काज से संबंधित चीजें, कागजात, ऑफिस की फाइलें जैसी चीजें शोकेस में सजाकर नहीं रखनी चाहिए। इस कमरे में किताबों से भरी अलमारियां, शेल्फ, स्लैब्स, कमरे के माहौल को भारी बनाते हैं। सोने के दौरान बार-बार इन्हीं चीजों पर ध्यान जाने के कारण नींद भी अच्छी तरह से नहीं आती। मास्टर बेडरूम ही नहीं घर के किसी भी बेडरूम में भले ही लोग सुविधा के लिए टीवी लगाकर रखते हैं। देखा जाए तो इससे नींद में बाधा उत्पन्न होती है। इसके अलावा टेलिविजन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैगनेटिक तरंगें भी वहां के पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं। इसके अलावा बेडरूम में जलती अंगीठी या हीटर, वाटर बॉडीज नहीं होनी चाहिए। ज्यादा बड़ी खिड़कियां, दरवाजे या बड़े कूलर भी बेडरूम में न रखें।

---

बी-अलर्ट / नम्रता नदीम


आज लगभग हर कोई सोशल मीडिया पर एक्टिव है। महिलाएं भी एक्टिव हैं। इंटरनेट के माध्यम से उनके लोगों से रिश्ते बन जाते हैं। इस वर्चुअल रिलेशन में वे छली न जाएं, किसी मुसीबत में न फंसें, इसलिए बहुत जरूरी है, महिलाएं कुछ सावधानियां बरतें।

# वर्चुअल दिल्लगी से रहें सावधान

इन दिनों अधिकतर मध्यवर्गीय व्यक्ति दिन के अपने कई घंटे वर्चुअल एक्टिविटीज में गुजारता है, इसलिए वर्चुएलिटी का हमारी वास्तविक जिंदगी का हिस्सा होना स्वाभाविक है। किसी से इश्क या लगाव भी इसी गतिविधि का नतीजा है। लेकिन महिलाओं के लिए साइबर दुनिया अभी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। इसलिए कुछ बातें जाननी जरूरी हैं।

**खतरों से अनभिज्ञ:** यह सही है कि आज के दौर में वर्चुअल लाइफ महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा भले बन गई हो, लेकिन इसके लिए अकसर उनमें जरूरी समझदारी नहीं होती। इस दुनिया में रिश्तों को लेकर कैसी सावधानी बरतनी है, क्या-क्या खतरे हैं, इससे अधिकांश महिलाएं परिचित नहीं हैं।

**साइबर इश्क की कड़वी हकीकत:** हम आपको एक उदाहरण के जरिए साइबर दुनिया की वास्तविकता से परिचित करना चाहेंगे। मान लीजिए किसी अंजान शख्स से आप ऑनलाइन संपर्क में आती हैं। वह आपको प्रेमपत्र लिखता है। आपकी भी उसमें दिलचस्पी बढ़ती है। लेकिन एक मिनट बाद ही वह लापरवाही से ऑफलाइन होते हुए कहता है, 'जाना होगा, बाद में बात करेंगे।' आपकी प्रतिक्रिया जाने बगैर वह संपर्क तोड़ देता है। अब सारा दिन आप यही सोचती हैं कि वह ऑनलाइन कब आएगा? आप जानती हैं कि यह सब अतार्किक है, लेकिन वह व्यक्ति जो वर्चुअल वर्ल्ड के दूसरे छोर पर बैठा है, उसने आपके दिल-दिमाग में हलचल पैदा कर दी है। और अब वह संपर्क भी नहीं कर रहा। यह साइबर वर्ल्ड के इश्क की कड़वी हकीकत है। इसे समझने की जरूरत है।





**नेगेटिव-पॉजिटिव पहलुओं पर दें ध्यान:** आप जब भी वर्चुअली किसी से जुड़ें तो इसके नेगेटिव और पॉजिटिव दोनों ही पहलुओं पर ध्यान दें। मसलन, जो आप देख रही हैं, क्या वही आपको मिल रहा है? हमेशा नहीं मिलता। यह बात दोनों पर ही लागू होती है। आप पर भी और आपके चैटिंग साथी पर भी। जो कुछ आप ऑनलाइन पोस्ट करती हैं, वह सही या गलत दोनों किस्म के लोगों को आकर्षित कर सकता है। आपकी दिलचस्पियों में भी वैरायटी होनी चाहिए ताकि विभिन्न किस्म की दिलचस्पियों वाले लोग आपकी प्रोफाइल की ओर आकर्षित हों। लेकिन भूलकर भी कभी अपना एड्रेस और फोन नंबर न दें। ई-मेल आईडी ही पर्याप्त है, क्योंकि इससे आपको अपनी मर्जी के अनुसार लॉगआउट करने की आजादी रहती है। अगर आप गलत किस्म के लोगों से बचना चाहती हैं तो यह बात लाजिमी तौर से ध्यान में रखें।

**धीरे-धीरे बढ़ें आगे:** जब भी किसी के साथ ऑनलाइन 'हाय-हैलो' की शुरुआत करें, तो आरंभ में गति धीमी और बातचीत कैजुअल रखें। सीधे और साधारण संदेशों से जो बातें आगे बढ़ती हैं, वह ही सही ढंग से दोस्ती/डेटिंग में डेवलप हो सकती है। इस बात का ध्यान रहे, बातचीत में हल्की-फुल्की फ्लर्टिंग तो ठीक है, लेकिन जो लड़का द्विअर्थी संदेश भेजे, उसे अलविदा कह दें, यानी दूरी बना लें, वरना आगे आप मुसीबत में फंस जाएंगी।

### पारिवारिक फोटो ना करें शेयर

**पर्सनल फोटोग्राफ** व्यक्तिगत संपत्ति होते हैं, इसलिए उन्हें परिवार के लिए ही सीमित रखें। इन फोटोग्राफ का वेब पर इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। इसके अलावा आपकी पारिवारिक तस्वीरों में किसी की भी दिलचस्पी नहीं होती। भला कौन आपको जानने से पहले आपके परिवार की तस्वीरें देखना चाहेगा? इसलिए सब कुछ साधारण रखें और सिर्फ अपने अकेले की तस्वीर पोस्ट करें। हमेशा अपने अकाउंट को सिक्योर रखें ताकि कोई भी आपकी तस्वीर के साथ कुछ बदलाव न कर सके।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क पढ़ाई के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित

**हिसार।** हर बच्चे को शिक्षा व शैक्षणिक संसाधन मुहैया करवाने के उद्देश्य से शुरू की गई मुहिम के तहत जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर द्वारा निशुल्क प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में 11वीं कक्षा में निशुल्क पढ़ाई के लिए परीक्षा ली गई। इसके साथ-साथ विभिन्न कारणों से प्रवेश परीक्षा से वंचित रहने वाले नौवीं, दसवीं व बारहवीं कक्षा में निशुल्क शिक्षा प्राप्त के करने के इच्छुक विद्यार्थियों को भी अवसर दिया गया। इन परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी 2 अप्रैल तक दाखिला ले सकते हैं।

### लायंस क्लब हिसार गौरव ने लगाया योग शिविर

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार गौरव द्वारा लायंस हिसार गौरव पार्क सेक्टर-13 का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन क्लब के वरिष्ठ सदस्यों बीके गुप्ता व केके नारंग ने सपरिवार रिबन काटकर विधिवत रूप से किया। इस शिविर में पतंजलि योग पीठ से जुड़े आयुष योग सहायक राजेश कुमार, डॉक्टर मुकेश कुमार, नमिता कुमारी व विजय कुमार, ईश आर्य मुख्य योग प्रचारक पतंजलि योगपीठ के सानिध्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में मुख्य रूप से क्लब के कोषाध्यक्ष मुनीश गुप्ता, लेख राज मेहता, संजीव ग्रोवर, राजेश भटिया, आर के सिंगल, सुनील कालरा, सुनील नागपाल व अजय गोयल रहे।



### श्री श्याम संग परिवार का संकीर्तन आयोजित

**हिसार।** श्री श्याम संग परिवार का चौथा श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व राकेश दुग्गल, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना, वासुदेव शर्मा मुख्य अतिथि व आयोजक श्री श्याम संग परिवार के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। आयोजकों ने आए मेहमानों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। संकीर्तन उपरांत विशाल भंडारा हुआ। श्याम संकीर्तन में सुप्रसिद्ध कलाकारो ने पहुंच कर अपनी मधुर वाणी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### सोनी समाज मिलन समारोह को लेकर उत्साह

**हिसार।** सोनी समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रधान एवं नगर पालिका नारनौंद के पूर्व सदस्य सुरेश उर्फ पप्पू सोनी की अध्यक्षता में नारनौंद में बैठक कर 7 अप्रैल को राज्य स्तरीय सोनी समाज मिलन समारोह को लेकर नूर गार्डन रोहतक चलो का नारा दिया है और समस्त सुनार समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में शामिल होने का आह्वान किया है। बैठक में सोनी समाज नारनौंद के पवन माजरा, बलजीत व हरिओम बुडाना, सुभाष व सुरेश भैणी अमीरपुर, विरेन्द्र कुमार रहे।

---

## किसान, आढ़ती व मजदूर हो रहे गलत नीतियों से बर्बाद : बजरंग

# सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से न होने के विरोध में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** अनाज मंडी में धरने पर बैठे व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी एसोसिएशन की ओर से सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से न करने के विरोध में सोमवार को व्यापारियों ने अनाज मंडी में धरना दिया। धरने पर व्यापारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पूरे हरियाणा की मंड़ियों में धरना प्रदर्शन किया गया है। यह धरना प्रदर्शन मंड़ियों में अलग-अलग 5 अप्रैल तक जारी रहेगा। इससे पूर्व धरने को संबोधित करते हुए हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने आरोप लगाया है कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश का किसान, आढ़ती व मजदूर लगातार बर्बाद होता जा रहा है। सरकार मंड़ियों को बर्बाद करने के लिए सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं कर रही है। सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने पर आढ़ती, किसान व मजदूरों में सरकार के भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसान की हर फसल मंडी के आढ़तियों के माध्यम से खरीद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले गेहूं व धान पर आढ़तियों का कमीशन काट कर कम कर दिया और अब सरकार मंड़ियों को बर्बाद करने के लिए सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं कर रही है जिसके कारण हरियाणा के व्यापारी, किसान, मजदूर में सरकार के प्रति भारी रोष है। इस मौके पर अनाज मंडी प्रधान रामअवतार गोयल, अनाज मंडी जिला प्रधान पवन गर्ग, सचिव जगदीस गोदारा, लक्ष्मी आदमपुरिया, मंडी पूर्व प्रधान सजय गोयल, बजरंग लाल, हास्पताल प्रधान अनिल जैन, मंदिर प्रधान अशोक गुप्ता, स्कुल प्रधान अजय बाबी, सजय नागपाल, खल बिनोला प्रधान त्रिलोक कंसल, सुरेन्द्र न्योली, अनिल चौधरीवास, वेद प्रकाश मुकलानिया, नरेश खारिया आदि व्यापारी प्रतिनिधी भारी संख्या में मौजूद थे।

### सरकार की सरसों खरीद से किसान व आढ़ती दोनों ही परेशानः हरपाल बूरा



**हिसार।** कांग्रेस नेता एवं हरियाणा टैक्स ट्रिब्यूनल के पूर्व न्यायिक सदस्य हरपाल सिंह बूरा ने कहा है कि भाजपा सरकार की सरसों खरीद से किसान व आढ़ती दोनों ही परेशान हैं। हरियाणा सरकार के अनुमान के अनुसार इस बार सरसों की फसल 14.28 लाख टन मंडियों में आनी है, मगर केन्द्र सरकार ने सिर्फ 3.25 लाख टन सरसों खरीदने की मंजूरी दी है। इससे सिद्ध होता है कि सरकार केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 22 प्रतिशत ही सरसों खरीदेगी। कांग्रेस नेता हरपाल बूरा ने सोमवार को कहा कि सरसों की एमएसपी 5650 रुपये घोषित की है। बाकी फसल न खरीदने से किसान अपनी फसल 4500 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल तक बेचकर 650 से 1000 रुपये तक का नुकसान उठा रहे हैं। अभी भी सरसों प्राइवेट एजेंसियों द्वारा भी खरीदी जा रही है। दूसरा सरकार अब नहीं हमेशा ही सरसों व गेहूं की खरीद लेट शुरू करती है फिर नमी बता कर मानकों पर खरा नहीं उतरने की शर्तें लगाकर किसान को प्राइवेट एजेंसियों के हाथों औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ आढ़तियों को भी रुलाया जा रहा है। सरकार सरसों व कपास की फसल सीधे हैफेड व कॉटन कारपोरेशन आफ इंडिया के माध्यम से खरीद करती है। जिससे आढ़ती का कोई कमीशन नहीं बनता ऊपर से आढ़त भी घटा दी गई है। इससे साफ पता चल रहा है कि किसान के साथ-साथ आढ़ती भी परेशान हैं।

---

# बैठक में बेटी पढ़ाने पर दिया जोर

- बेटियों को शिक्षित करने के लिए कालीरामण खाप चलाएगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



**नारनौंद।** बैठक में भाग लेते खाप की कार्यकारिणी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

कालीरामण खाप पूरे देशभर में बेटियों को शिक्षित करने के लिए विशेष अभियान चलाकर जागरूक करने का काम करेगी। उक्त शब्द खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर कालीरामण ने गांव सिसाय में कालीरमण भवन में कहें। खाप पंचायत की अध्यक्षता खाप के राष्ट्रीय प्रधान की कर्मवीर कालीरामण ने की। उन्होंने बताया कि बैठक में सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए सर्वसमिति से फैसले लिए गए। काफी लोग अपनी बेटियों को शिक्षा से वंचित रखते हैं। हमें उन लोगों को जागरूक करना होगा ताकि देश की कोई भी बेटी शिक्षा के बिना न रहे। इसके लिए खाप की तरफ से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। ये भी फैसला लिया की कालीरामण भवन को साउंड प्रूफ किया जाएगा और भवन की मरम्मत करने का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें सभी ने सहमति जताई। इस कार्यकारिणी में प्रधान कर्मवीर, रामस्वरूप, उमेद, सुबेसिंह, तेलूराम, मामराज, अखिल कालीरमन भैनी मीरपुर, महासिंह पूर्व प्रधान, धूप सिंह डाटा, अजीत खरकड़ी, सुरेंद्र थुआ आदि मौजूद रहे।



### छात्राओं ने ली मतदान करने की शपथ

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक करने के लिए छात्राओं को शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने छात्राओं से कहा कि हमें अपने मताधिकार के बारे में अपने अपने गांवों में आस पास के लोगों के अंदर जागरूकता लाने की आवश्यकता है। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने छात्राओं से कहा कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यों को निभाने का संकल्प लेना चाहिए। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इसलिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए ताकि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में एक सेल्फी पाइंट का निर्माण किया गया जिसका उद्देश्य छात्राओं के अंदर अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक करना है।

### हरियाणा स्टेट एथलैटिक्स चैम्पियनशिप 13 से

**हिसार।** एथलेटिक्स हरियाणा की ओर से लड़के व लड़कियों की ओपन छठी एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 13 व 14 अप्रैल को कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में करवाई जाएगी जिसमें हिसार सहित प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 700 एथलीट भाग लेंगे। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक व एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया कोऑर्डिनेटर राजू कनोह ने यहां बताया कि चैम्पियनशिप की अध्यक्षता एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सह सचिव राजकुमार मिटान करेंगे। यह चैम्पियनशिप एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया मैनुअल पर होगी। एथलीट अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एथलेटिक्स हरियाणा की वेबसाइट पर 7 अप्रैल तक करवा सकते हैं।

---

# सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई पार्टी

- चीफ टेक्नीशियन ऑफिसर सुरेंद्र पाल सेतिया हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला



**बरवाला।** सेवानिवृत्त चीफ टेक्नीशियन ऑफिसर सुरेंद्र पाल सेतिया को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुराना में कार्यरत चीफ टेक्नीशियन आफिसर सुरेंद्र पाल सेतिया की सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सी.एच.सी.सिसाय डॉ. मीनू, डॉ. अश्वनी, डॉ. हिना, अनेश कुमारी, मेहताब, हेल्थ इंस्पेक्टर खजान सिंह, फार्मासिस्ट आफिसर संजय, सुनील, संदीप, सरपंच गुराना राम अवतार शर्मा, समाजसेवी प्रदीप शास्त्री राजली व सुरेन्द्र पाल सेतिया का परिवार मौजूद रहा। मंच संचालन करते हुए नर्सिंग आफिसर राजू ग्रेवाल और फार्मासिस्ट आफिसर राजेश ने कहा कि सेवानिवृत्त सुरेन्द्र पाल द्वारा अपने सर्विस कार्य के 31 वर्ष 7 महीने 14 दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुराना गांव में ही व्यतीत किए गए। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। सरपंच रामवतार शर्मा ने पंचो सहित मिलकर सुरेन्द्र पाल को सम्मानित किया।

# पीर बाबा फुटबाल टूर्नामेंट में उचाना रहा विजयी

- बुराइयों से दूर रहने में खेल निभा रहे विशेष भूमिका : खोवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**नारनौंद।** खिलाड़ियों से मुलाकात करते एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल।

पीर बाबा फुटबाल क्लब द्वारा चौधरी दलबीर सिंह स्टेडियम प्रभुवाला में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभुवाला ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किए गए तीन दिवसीय पीर बाबा फुटबाल टूर्नामेंट में उचाना की विजेता टीम को ट्रॉफी व 51 हजार रुपये एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाली प्रभुवाला की टीम को ट्रॉफी व 31 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। डे-नाइट आयोजित किए गए इस फुटबाल टूर्नामेंट के दौलतपुर व उचाना सेमीफाइनल मैच में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल के महत्व को समझकर हर बच्चे व युवा को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल इंसान स्वस्थ रहता है बल्कि अन्य बुराइयों से भी दूर रहता है। उन्होंने कहा कि बहुत से गांवों में युवा नशे की चपेट में आते जा रहे हैं। इसलिए फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन समिति से आग्रह है कि गांव में नशे के खिलाफ भी अभियान चलाएं ताकि कोई भी युवा इस बुराई का शिकार न हो।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान टूर्नामेंट आयोजक समिति ने एडवोकेट खोवाल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। इस स्पर्धा के फाइनल मैच में निवर्तमान मेयर गौतम सरदान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान वीरेंद्र सेलवाल, अनिल सरपंच, राजेंद्र नारंग, प्रेम एकलव्य, पम्मी सरदार पूर्व सरपंच, ज्ञानचंद शर्मा पूर्व सरपंच, विनोद मित्तल, दरबारा सिंह नंबरदार, सतबीर बासनीवाल, पीएफसी के प्रधान सन्नी सरदार, उपप्रधान अंकुश, सचिव चनबीर सरदार, राजेंद्र, संदीप रहे।

---

# सैनिक स्कूल खारा-खेड़ी का रिजल्ट घोषित

- मेधावियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की जानकारी लेते अभिभावक।

सैनिक स्कूल खारा-खेड़ी में कक्षा छठी और सातवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। भारत के 13 राज्यों से सैनिक स्कूल में कुल 209 कैडेट्स हैं जिनमें कक्षा छठी के 115 और सातवीं के 94 कैडेट्स हैं। बेहतरीन वार्षिक परीक्षा परिणाम को देखते हुए कैडेट्स और अभिभावकों में प्रसन्नता और उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों ने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि पीपीपी मोड पर पूरे भारत में खुले 19 सैनिक स्कूलों में सैनिक स्कूल खारा-खेड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्कूल में सुंदर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए जहां अभिभावकों और बच्चों ने बहुत सारी सेल्फी ली। कक्षा छठी ए में शिवांश राय ने प्रथम, अंश राज और हर्ष आनंद ने द्वितीय, वेदांत पंत और जीविका कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी बी में अभिजीत सहाय ने प्रथम, मानस गर्ग ने द्वितीय और अनिकेत तंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी सी में शशांक शेखर और आदित्य ने प्रथम, आरुष मिश्रा ने द्वितीय और ओजस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं ए में राम राघव ने प्रथम, आदित्य कुमार तिवारी ने द्वितीय, वंदना कुमारी और सुलोचना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं बी में दिव्या रानी ने प्रथम, कृतज्ञ ने द्वितीय और अर्पण द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्कूल परिसर में एटीएल लैब द्वारा आयोजित साइंस और आर्ट एंड क्राफ्ट विभाग द्वारा एक कला प्रदर्शनी लगाई गई। एटीएल लैब में बनाए गए प्रोजेक्ट्स जैसे सेमी ऑटोमेटिक गार्बेज कलेक्टर, स्मार्ट फार्म फेंसिंग, फसल रक्षक, चंद्रयान 3 मॉडल, 3ऊ प्रिंटर द्वारा बनाए गए मॉडल तथा डिजिटल माइक्रोस्कोप आदि आकर्षण के मुख्य केंद्र रहे। आर्ट एंड क्राफ्ट के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सुंदर मॉडल, ड्राइंग, पेंटिंग, स्केच आदि देख कर अभिभावकों ने बहुत सराहना की।

# इस्कॉन केंद्र के उत्सव में झूमे भक्त

- हरे कृष्णा हरे कृष्णा, हरे राम हरे राम से गूंजा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** नारायणी देवी सेवा सदन में हुए दिव्य आनंद उत्सव में झूमते लोग।

राधा श्याम सुंदर इस्कॉन प्रचार समिति के तत्वाधान में इस्कॉन केंद्र हिसार द्वारा परम भगवान चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य दिवस गौर पूर्णिमा के उपलक्ष में डीएन कॉलेज हॉस्टल के सामने अग्रवाल कॉलोनी स्थित नारायणी देवी सेवा सदन में दिव्य आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। लगभग पांच घंटे चले कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु झूमते रहे। समिति के संरक्षक हरीश लोहिया ने बताया कि दिल्ली से रुक्मणी कृष्ण प्रभु व चंडीगढ़ से नाम प्रेम प्रभु के सान्निध्य में कथा-कीर्तन, अभिषेक, नृत्य नाटिका आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आये हुए श्रद्धालु हरे कृष्णा हरे कृष्णा, हरे राम हरे राम ....की धुन पर झूमते रहे। दिल्ली से आये भक्तों ने शानदार प्रस्तुति देकर अपनी छाप छोड़ी। अनेक छोटे-बड़े लोगों ने भी मंच पर भक्ति भाव से परिपूर्ण अपनी प्रस्तुति दी। फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। समिति के प्रेस प्रवक्ता प्रवीण गर्ग (झंडू) ने बताया कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला रहे।

---

# प्रवेश उत्सव का किया आयोजन

- छटी व नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व फूल माला पहना कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला



**बरवाला।** प्रवेश उत्सव के दौरान उपस्थित स्कूल स्टाफ व नव दाखिल विद्यार्थीगण।

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुलेरी मे विद्यार्थियों के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस प्रवेश उत्सव में छटी व नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी नव दाखिल विद्यार्थियों को विद्यालय के पुस्तकालय व विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण करवाया गया। विद्यालय के उपप्राचार्य उमेद सिंह ने कहा कि 20 अप्रैल तक सामान्य दाखिला प्रक्रिया चलती रहेंगी। विभाग के निर्देशानुसार कक्षा छटी से आठवीं तक केवल 30 विद्यार्थियों का सैक्शन होगा और कक्षा नौवीं से बारहवीं तक 40 विद्यार्थियों का सैक्शन होगा। इस अवसर प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, प्रवक्ता राजकुमार, सुरेन्द्र सिंह, रामनिवास, ओमप्रकाश प्रवक्ता मनीषा, प्रवक्ता दीपिका, प्रोमिला, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार व संजीब कुमार समेत स्कूल स्टाफ के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

## वर्तमान डिजिटल युग में वेबसाइट सूचना का सबसे सरल माध्यम

# गुरु जंभेश्वर विवि ने वेबसाइट को किया अपग्रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** अपग्रेडेड वेबसाइट का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट को अपग्रेड किया है। यह अपग्रेडेड वेबसाइट पहले की तुलना में अधिक डिजाइंड, सुसंगत, सहज व उपयोगी होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने सोमवार को इस वेबसाइट का उद्घाटन किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में वेबसाइट सूचना का सबसे सुगत तथा आधिकारिक माध्यम है। विश्वविद्यालय ने हितधारकों की सुविधा व जरूरतों के अनुसार वेबसाइट को अपग्रेड किया है। यह वेबसाइट वर्तमान तथा संभावित विद्यार्थियों के साथ-साथ वेबसाइट का प्रयोग करने वाले सभी व्यक्तियों को विश्वविद्यालय के विभागों, कोसों, सुविधाओं तथा अन्य सभी जानकारियां उपलब्ध करवाएगी। इस वेबसाइट को प्रयोग की दृष्टि से भी सुगम बनाया गया है।

### वेबसाइट के बदलावों के बारे में बताया

कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी अपग्रेडेड वेबसाइट को उपयोगी बताया तथा कहा कि वेबसाइट में किए गए बदलाव सभी मापदंडों पर उच्चस्तरीय हैं। इस वेबसाइट को विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय कंप्यूटर एंड इंफोर्मेटिक्स सेंटर द्वारा डिजाइन किया गया है।

### किए आवश्यक बदलाव

पंडित दीनदयाल उपाध्याय कंप्यूटर एंड इंफोर्मेटिक्स सेंटर के निदेशक मुकेश अरोड़ा ने बताया कि वेबसाइट के मेन मेन्यू, ऑडिएंस लेंडिंग पेज आर्किटेक्चर आदि में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। इस अवसर पर तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. योगेश चाबा, सिस्टम मैनेजर विपिन मक्कड़, सहायक कुलसचिव अशोक कौशिक आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, मदन लाल पुत्र श्री साधुराम निवासी मंगाली सुरतीया, तहसील व जिला हिसार (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विक्रम व पुत्रवधु रेखा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

## लोकसभा में प्रतिनिधित्व देने की मांग

**हिसार।** जांगड़ा समाज उसी पार्टी को अपने वोट देगी जो जांगड़ा समाज से लोकसभा व विधानसभा में टिकट या प्रतिनिधित्व देगी। यह निर्णय समाज ने एक बैठक आयोजित करके लिया। बैठक में जांगिड़ सभा के पूर्व जिला प्रधान राम तीर्थ सुथार, नवनियुक्त प्रधान उदय सिंह जांगड़ा, श्री विश्वकर्मा पांचाल छात्रावास के प्रधान सुधीर पांचाल, एडवोकेट पवन कुमार जांगिड़, श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी सुरेन्द्र जांगड़ा, डॉ तेजराज आदि मौजूद थे।

## ध्यान व प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र आयोजित

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में ध्यान व प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। इस सत्र में उन्हें ध्यान करने की सरल विधियां सिखाई गई और इन विधियों का अभ्यास भी करवाया गया। संगीत की सुर लहरियों पर ध्यान के साथ-साथ झूमते हुए साधकों को तनाव से राहत का भी एहसास हुआ। ध्यान सत्र में स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने अपनी व्याख्यान माला में ध्यान व प्रेम की विस्तृत व्याख्या की है।

## प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने की भागदारी

**उकलाना।** राष्ट्रीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर में हुआ जिसमें हरियाणा साइकिल पोलो की टीम ने अपना प्रदर्शन किया टीम में पुरुष वर्ग में अमित कुमार, जय भगवान, शिव शंकर, मोनू, लक्ष्य, युवराज महिला वर्ग में कशिश, तुलसी, सोनिया, वंदना नैंसी मानसी रिया ने भाग लिया और हरियाणा टीम की ओर से अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साइकिल पोलो संघ हरियाणा के महासचिव जगदीश ने कहा कि आने वाले समय में यह खेल हरियाणा में भी अपनी विशेष पहचान रखेगा नागपुर से अच्छा प्रदर्शन कर वापस आने पर सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया।

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

**बरवाला।** जनता हाई स्कूल के प्रांगण में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी अपनी मनमोहक प्रस्तुति पेश करके समारोह को चार चांद लगा दिए। स्कूल के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह पूनिया ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया।

## व्यवहार प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**हिसार।** अर्बन एस्टेट स्थित विश्वास सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को सकारात्मक दृष्टिकोण तथा व्यवहार प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अतिथि वक्ता संजीव थे जो कि एक मोटिवेशनल स्पीकर हैं। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के बीच सकारात्मक दृष्टिकोण तथा व्यवहार प्रबंधन को विकसित करना था।

### संस्थापिका डॉ. एकता सिंधु ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# इंडस आरपीएस पब्लिक विद्यालय में हवन पूजन के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

- स्कूल अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक विद्यालय में हवन पूजन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा 108 गायत्री मंत्रोच्चारणों के साथ हवन में आहुति दी गई। विद्यालय की संस्थापिका डॉ. एकता सिंधु ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने नए सत्र के शुभारंभ पर विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए हवन में पूर्णाहुति डाली। स्कूल अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर नए सत्र के शुभारंभ पर स्वागत किया। नए विद्यार्थियों को स्कूल का भ्रमण करवाया। प्रधानाचार्या ने कहा कि नए सत्र में विद्यार्थी एवं अध्यापक नए लक्ष्य निर्धारित करके उनको हासिल करने की कोशिश करें। बिना लक्ष्य निर्धारित की गई मेहनत का कोई फायदा नहीं होता है। किसी भी कार्य के पीछे समय बहुत ही महत्व रखता है और उस कार्य पर किए जाने वाले परिश्रम के कारण ही ईश्वर हमारी मदद करता है। उन्होंने इस मौके पर अभिभावकों से आह्वान किया कि वे समय को नष्ट किए बगैर अपने बच्चों को स्कूल में भेजें। प्रधानाचार्या ने विद्यालय परिवार को नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी।



**हिसार।** नए सत्र के शुभारंभ अवसर पर हवन के दौरान उपस्थित प्रधानाचार्य नीलम राठी व अन्य।







**हिसार।** नए सत्र के पहले दिन प्रशनचित मुद्रा में विद्यार्थी।



**हिसार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलवंडी राणा में हवन में भाग लेते स्टाफ एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यज्ञ से वातावरण के साथ आचरण भी होता है शुद्ध : सुभाष आर्य

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलवंडी राणा में यज्ञ का आयोजन

**हिसार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलवंडी राणा में सोमवार को यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश कुमार शर्मा ने की। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान मुकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान प्राध्यापक सुभाष आर्य एवं अध्यापकों ने वेद ऋचाओं के मंत्रोच्चारण द्वारा आयोजित यज्ञ में अध्यापकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने आहुति डाल समाज को शिक्षित करने का संकल्प लिया। सुभाष आर्य ने बच्चों को बताया कि यज्ञ से वातावरण के साथ आचरण भी शुद्ध होता है। यज्ञ रोगाणु नाशक होता है। प्राचीन समय से ही घरों में यज्ञ की परंपरा चलती आई है। भगवान राम, योगेश्वर श्रीकृष्ण ने भी हर शुभअवसर पर यज्ञ कराए। हिंदू वर्ष के मौके पर भी यज्ञ की परंपरा रही है। प्राचार्य सुरेश कुमार शर्मा ने साक्षरता मिशन के तहत बच्चों को संदेश दिया कि यदि उनके घर एवं समाज में कोई अनपढ़ है तथा वे उन्हें पढ़ा-लिखा सकते हैं, तो निसंकोच बच्चों को इसके लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर प्रद्युमन, राजेंद्र पूनिया, सुशील जांगड़ा, प्राध्यापिका बबीता शर्मा, अंजना शर्मा, वीना आर्या, निर्मल कुमारी, ज्योति कपूर, नीरू बाला, कविता, सरिता, सरीना, मंजू रानी, बलविंद्र कौर, बिटकौर, संतोष, जगदेव, हरगोविंद, पवन शास्त्री, वीरेंद्र पीटीआई, जगदीश, मुख्य शिक्षक फूल कुमार, संजय मेहरा, मोनू, सीमा रानी, प्रोमिला, सरोज, संतोष एवं राजेंद्र भरगड आदि उपस्थित थे।

## कपास उत्पादन बढ़ाने व उन्नत तकनीकों की जानकारी देने के लिए लगाए प्रशिक्षण शिविर

- कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी फसलों की विभिन्न बीमारियों बारे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से किसानों को कपास का उत्पादन बढ़ाने, उन्नत किस्म के बीजों एवं तकनीकी जानकारी देने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। प्रशिक्षण शिविर में अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने सोमवार को किसानों को बताया कि गुलाबी सुंडी का प्रकोप खेतों मे रखी हुई लकड़ियों/बनछटियों के कारण फैलता है। इसलिए इनका उचित प्रबंधन किया जाए। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि संस्थान द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। कपास अनुभाग के प्रभारी डॉ. करमल सिंह ने प्रदेश में कपास उत्पादन के लिए आवश्यक सस्य क्रियाओं से अवगत कराया।

कपास अनुभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सोमवीर ने कपास की मुख्य विशेषताओं एवं किस्मों के बारे में अवगत करवाया। कीट वैज्ञानिक डॉ. अनिल जाखड़ ने कपास में लगने वाले कीट व उनके प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। डॉ. संदीप कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया व डॉ. शुभम लांबा ने मंच का संचालन किया। इसके अतिरिक्त शिविर में किसानों को विश्वविद्यालय की तरफ से उत्पादक सामग्री भी प्रदान की गई।



**हिसार।** डॉ. जीतराम शर्मा प्रशिक्षण शिविर में किसानों को संबोधित करते हुए।

### फ्री मेडिकल चेकअप कैंप लगाया

**हिसार।** रोट्री सैन्ट्रल द्वारा रविवार को कैप्टन आर सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिल गेट में एक विशाल फ्री मैडिकल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 450 से अधिक मरीजों की जांच करके मुफ्त दवाइयां दी गई। कैंप में सभी प्रकार के मेडिकल जांच एवं टैस्ट भी किए गए। सर्वेश हेल्थ सिटी अस्पताल एंव सर्वोदय अस्पताल के डाक्टरों की पूरी टीम ने इस कैंप में अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा डॉ. विवेक डुडेजा, हिसार ईएनटी अस्पताल, डॉ. सचिन मित्तल दन्त चिकित्सक के अस्पताल के चिकित्सकों ने भी भरपुर सहयोग दिया। यह कैंप सर्वेश हैल्थ सिटी एवं सर्वोदय हस्पताल के पूर्ण सहयोग से संपन्न हुआ। डॉ. उमेश कालड़ा एवं डॉ. सरिता कालड़ा ने इस कैंप का विधिवत शुभारंभ किया। इस कैंप के प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. संजीव खुराना एवं को प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. सुनील मलिक रहे।

## अवैध रूप से तैयार किए गए चार जुगाड़ वाहनों को किया एमवी एक्ट के तहत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला पुलिस ने यातायात व्यवस्था नियंत्रित करने के उद्देश्य से सोमवार को जुगाड़ वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले चार जुगाड़ वाहनों को मोटरवाहन अधिनियम के तहत जब्त किया गया और कई वाहनों के चालान भी काटे गए। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि कुछ लोग वाहनों को अपने हिसाब से मॉडिफाई करवाकर सडक सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखे बिना इनको चलाते हैं। इन वाहनों के साइड़ में लोहे की रॉड या पाइप लगी रहती है, जो साथ में चल रहे दूसरे वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा एक दिन का विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने बता कि जुगाडू रूप से तैयार किए गए चार वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त किया गया है। इसमें ज्यादातर तिपहिया वाहन शामिल हैं। इसमें मोटरसाइकिल के पीछे रेहडी जोड़कर लोग इसे सामान ढोने के लिए उपयोग लाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह अन्य यात्रियों के लिए खतरा पैदा कर सकता है। साथ ही अगर इन वाहनों से एक्सीडेंट हो जाता है तो इन्हें और दूसरे वाहन का कोई इंश्योरेंस क्लेम नहीं मिलता। ये वाहन मोटर वाहन अधिनियम के तहत गैर कानूनी है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि जुगाड के द्वारा मोटरसाइकिल को कट करके बनाए गए वाहनों से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। जुगाड पर चालक का नियंत्रण भी नहीं रहता। यात्री इस प्रकार के वाहनों का उपयोग ना करें क्योंकि यह अन्य यात्रियों के लिए खतरा पैदा कर सकता है जिसमें बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो सकती है। भविष्य में भी ऐसा करने वालों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



- जुगाड़ वाहनों के प्रयोग से बचें नागरिक, एक्सीडेंट होने पर नहीं मिलता बीमा क्लेम : एसपी

## बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में हांसी के छोरे ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

एशियन स्पोर्ट्स फेडरेशन दिल्ली के बैनर के तले 31 मार्च को मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 85 किग्रा भार वर्ग में हांसी क नवीन ने हिस्सा लिया और अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया।

ज्ञात रहे कि पिछले दिनों नवीन ने मिस्टर नॉर्थ इण्डिया का खिताब भी हासिल किया था। स्वर्ण पदक विजेता का सोमवार को हांसी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर नवीन ने अपने परिजनों, शहर तथा हरियाणा प्रदेश का नाम पूरे भारत में रोशन किया है।




**हांसी।** एशियन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में जीते गए पदक को दिखाता नवीन।

## 90 फीसदी घोषणाएं हमने कर दी पूरी 10 फीसदी बाकी : अजय

- जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूलमालाओं तथा पगड़ियों के साथ किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला उकलाना हलके के बिठमड़ा सूरेवाला भेरी अकबरपुर आदि गांव में ग्रामीणों से संपर्क करने के लिए पहुंचे जहां उनके अनेक स्थानों पर फूलमालाओं तथा पगड़ियों के साथ सम्मान किया गया। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि उनकी पार्टी मजबूती के साथ दसों लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वे सोमवार को उकलाना हलके के गांव बिठमड़ा, सूरेवाला, भेरी अकबरपुर के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव से पूर्व उनकी पार्टी द्वारा जो घोषणा की गई थी उन में 90 फीसदी पूरी कर दी गई है अभी 10 फीसदी ही बाकी है, जिन्हें समय आने पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री अनूप धानक, राजेंद्र लितानी, सोनिया बत्रा, गुलशन अहूजा, धूप सिंह, निहाल सिंह ठाकुर, शेर सिंह बैरागी, धर्मपाल धायल, अनिल बालकिया, कैप्टन छज्जू राम, बबलू गोदारा आदि मौजूद थे।



**उकलाना।** ग्रामीणों से मुलाकात करते जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला।

## एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 3 से

- देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष ले सकेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 3 से 5 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 3 अप्रैल को ही सुबह 9 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

## देसी अवैध शराब की 87 बोतल व 20 लीटर लाहन के 8 आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब बेचने के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर हांसी पुलिस ने 11 बोतल अवैध देशी शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में शराब अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कर बेल पर रिहा किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी कि पहचान प्रीतम वासी बीड फार्म जिला हिसार के रुप में हुई है। थाना बास पुलिस ने 20 लीटर लाहन सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान विकाश व रामकिशन वासी धर्म खेड़ी के रुप में हुई है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया। उधर, थाना सदर हांसी पुलिस ने 66 बोतल अवैध देशी शराब सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान महाबीर वासी पुट्ठी मंगल खां, रघबीर वासी खरड़ अलीपुर, इन्द्रजीत वासी ढाणा खुर्द व कुलदीप वासी कंवारी के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी महाबीर के कब्जे से 8 बोतल अवैध देशी शराब, रघबीर व इन्द्रजीत के कब्जे से 12-12 बोतल अवैध देशी शराब व जोगिन्द्र के कब्जे से 34 बोतल अवैध देशी शराब बरामद कर की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 9315429403, 9253681005

## 9,44,102 रुपये की ठगी के मामले में दो और गिरफ्तार

**हिसार।** साइबर थाना पुलिस ने एक्स्ट्रा लोन दिलाकर 9 लाख 44 हजार 102 रुपये की ठगी के मामले में दो आरोपियों सिरसा निवासी ऋषि कुमार व कपिल को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। जांच अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि हिसार साइबर थाना में हिसार निवासी एक अध्यापक ने 9 लाख 44 हजार 102 रुपये की ठगी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि मार्च 2023 उसके पास सोनिया संधू नामक महिला का फोन आया और उसने लोन की आवश्यकता के बारे पूछा। इस पर शिकायतकर्ता ने साढ़े पांच लाख रुपये के लोन की जरूरत बताई। सोनिया संधू ने शिकायतकर्ता की सैलेरी स्लिप ली और उसका लोन अप्लाई करवा दिया।

### अदालत ने दोनों को एक दिन के रिमांड पर भेजा

जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर साइबर थाना में 20 नवंबर 2023 को केस दर्ज किया था। पुलिस में इस मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ऋषि कुमार और कपिल मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपी रीतू, चेतन कुमार और रामकुमार के साथ मिलीभगत कर ठगी की वारदात में शामिल थे। आरोपी रीतू ने शिकायतकर्ता के पास आईसीआईसीआई बैंक की कर्मचारी सोनिया संधू बनकर फोन किया था, चेतन कुमार शिकायतकर्ता के पास विकास जांगड़ा बनकर गया और उससे दो चेक लेकर आया था और रामकुमार भी चेतन के साथ शिकायतकर्ता से चेक लेने गया था। आरोपी ऋषि कुमार और कपिल को पूछताछ के लिए अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# डॉ. राजेश जांगड़ा को श्रेष्ठ कलाकार के सम्मान से नवाजा

- भगवान राम के जीवन से जुड़े पहलुओं को कैनवास पर श्रेष्ठ रूप से किया चित्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राज्य ललित कला अकादमी (संस्कृत विभाग) उत्तर प्रदेश व यहां के सामाजिक संगठन ह्यउड़ानह्न के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में हिसार के डॉक्टर राजेश जांगड़ा को श्रेष्ठ कलाकार के रूप में सम्मानित किया गया। राम है कण-कण में विषय पर कार्यशाला का आयोजन संभल जिले के बिजनोई क्षेत्र में किया गया। इसमें भारत व नेपाल के 50 वरिष्ठ कलाकारों को आमंत्रित किया गया। हिसार के वरिष्ठ कलाकार डॉ. राजेश जांगड़ा, डॉ. गीता जांगड़ा व टोहाना की डॉ. नेहा बत्रा कार्यशाला में आमंत्रित थे। सभी कलाकारों ने भगवान राम के जीवन से जुड़े पहलुओं को कैनवास पर चित्रित किया। डॉ राजेश जांगड़ा द्वारा बनाए गए चित्र की मुख्य अतिथि उपायुक्त मनीष बंसल व उड़ान संस्थान की संचालिका व प्रधान ममता राजपूत सहित सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और डॉक्टर राजेश जांगड़ा की उपलब्धियां को देखते हुए शॉल तथा स्मृति चिन्ह देकर श्रेष्ठ कलाकार के सम्मान से नवाजा गया। डॉक्टर गीता जांगड़ा व डॉक्टर नेहा बत्रा को विशेष कलाकार सम्मान से भी सम्मानित किया गया। डॉ. राजेश जांगड़ा व डॉ. गीता जांगड़ा की इस उपलब्धि पर सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मीरांन के प्राचार्य सुभाष चाहर व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगथला की प्राचार्या अनीता और सभी स्टाफ सदस्यों ने खुशी व्यक्त की और उन्हें बधाई दी।



**हिसार।** अपने चित्रकारी के साथ डॉ. राजेश जांगड़ा व डॉ. गीता जांगड़ा।